उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड को कोयले की आपूर्ति

6997. **श्री संघ प्रिय गौतम :** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड को कोयले की आपूर्ति नहीं कर रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या राज्य सरकार ने इस सन्दर्भ में केन्द्रीय सरकार के साथ कोई विचार-विमर्श किया है ;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले हैं ;

(ङ) क्या उपरोक्त विद्युत बोर्ड पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की बहुत अधिक धनराशि बकाया है ; और

(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला बेन चिमनभाई पटेल) : (क) से (च) उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के लिंक विद्युत केन्द्रों को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड से कोयले की आपूर्ति में कमी आई है । कोयले की आपूर्ति में कमी, कोयला कंपनियों और रेलवे द्वारा ताप विद्युत केन्द्रों को अनुमोदित कोयला लिमिटेड के अनुरूप कोयला आपूर्ति की जाने में असमर्थता के कारण हो सकती है ।

(ङ) कोल कंपनी के अनुसार राज्य बिजली बोर्ड पर 8-4-95 की स्थिति के अनुसार निम्नलिखित राशि बकाया है :—

(लाख रुपए)

	निर्विवाद	विवादग्रस्त	कुल
उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड . . .	3934	4256	8190

(च) विवादग्रस्त बकाया राशियां कोयले की कम प्राप्ति, आपूर्ति किए गए कोयले की गुणवत्ता और सांविधिक लेवियों इत्यादि के कारण विवाद की वजह से हैं ।

Koel Karo Project

6998. SHRIMATI KAMLA SINHA: Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is a widespread shortage of power in the country, more acute in the Eastern region and more so in Bihar;

(b) whether the Koel Karo Project, sanctioned in the 1970s and handed over to the NHPC, would substantially alleviate the power shortage in the area; and

(c) if so, what are the reasons for the delay in implementing this project?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRIMATI URMILABEN CHIMANBHAJ PATEL); (a) Details of power supply position in Bihar, Eastern Region and in the country daring 1994-95 are furnished below:—